

# बारिश ने खोली नगरपालिका की सफाई व्यवस्था की पोल

## सड़कों पर आया नालियों का कचरा, कीचड़ की दलदल बनी पाइपलाइन की खुदी सड़कें




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मंगलवार दोपहर को हुई झमाझम बारिश ने एक तरफ तो लोगों को उमस और भीषण गर्मी से राहत दी, लेकिन दूसरी तरफ नगरपालिका के दावों की हवा निकाल कर रख दी। मानसून की इस जोरदार बारिश से शहर की प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं जलभराव के कारण कई गलियों में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दरअसल मंगलवार को हुई बारिश ने नगरपालिका की मानसून पूर्व सफाई व्यवस्था की पोल पूरी तरह खोल दी है। बारिश से पूर्व शहर के बड़े नालों और नालियों की उचित सफाई न होने की वजह से पानी की निकासी रुक गई। जिसके कारण उफनती और चौक हुई नालियों का सारा कचरा, गंदगी और बदबूदार पानी बहकर सड़कों पर आ गया। इस वजह से राहगीरों का सड़कों से निकलना दूभर हो गया और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### घरों में कैद हुए बच्चे, बुजुर्ग हो रहे चोटिल

शहर की शंकर कॉलोनी, नहर कॉलोनी और कोलुआ रोड सहित अन्य कालोनियों की गलियां इतनी खतरनाक हो चुकी हैं कि फिसलनी मिट्टी के कारण आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कीचड़ के खौफ से बच्चे घरों में कैद होने को मजबूर हैं, वहीं बड़े-बुजुर्ग भी बेहद संभलकर और डर-डरकर कदम बढ़ा रहे हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि नपा और ठेकेदार की इस लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों को जल्द से जल्द चलने लायक बनाया जाए और जल निकासी का स्थायी समाधान किया जाए।




**खुदी सड़कें दलदल में बदलीं:** शहरवासियों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत अमृत 2.0 योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन बनी हुई है। नगरपालिका के ठेकेदार द्वारा गली-मोहल्लों में पानी की सप्लाई पहुंचाने के लिए बीच सड़क को खोदकर पाइपलाइन तो डाल दी गई, लेकिन उन्हें सही तरीके से दुरुस्त नहीं किया गया। जिसकी बजह से अब बारिश होते ही इस खुदी हुई सड़क से निकली मिट्टी पानी में मिलकर पूरी तरह कीचड़ के दलदल में तब्दील हो गई है। इसका सबसे बुरा असर शंकर कॉलोनी, नहर कॉलोनी और कोलुआ रोड पर देखने को मिल रहा है।

# भाई के बर्थडे पर केक लेने निकली छात्रा की रेलवे ट्रेक पर मिली लाश

**मोबाइल की डिलीट चैट से उलझी गुत्थी**

**परिजनों ने कहा तीन चार दिन से थी परेशान**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शहर के देहात थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 18 वर्षीय छात्रा राधिका शर्मा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला है। मृतका इसी वर्ष 12वीं पास कर कॉलेज में दाखिले की तैयारी कर रही थी। इस घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है, जहां कुछ घंटे पहले तक जन्मदिन की खुशियां मनाई जा रही थीं।

परिजनों के अनुसार सोमवार शाम करीब 6 बजे राधिका अपने छोटे भाई के जन्मदिन के लिए केक और कपड़े खरीदने बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। घर पर जन्मदिन की पार्टियां चल रही थीं और राधिका अपना मोबाइल फोन भी घर पर ही छोड़ गई थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच रात करीब 8 बजे स्टेशन मास्टर के जरिए रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव होने की सूचना मिली, जिसकी पहचान राधिका के रूप में हुई।

**परिजनों के दावों से गहराया रहस्य:** इस मामले में परिजनों का कहना है कि राधिका के घर और बाजार के बीच कोई रेलवे ट्रैक नहीं पड़ता, ऐसे में वह ट्रैक तक कैसे पहुंची, यह बड़ा सवाल है. हालांकि परिजनों ने यह भी स्वीकार किया कि वह पिछले 3-4 दिनों से मानसिक तनाव में चल रही थी। राधिका के मोबाइल की जांच करने पर दो नंबरों के साथ चैट करने के साक्ष्य मिले हैं, जिनमें से कुछ मैसेज डिलीट किए गए हैं। पुलिस आत्महत्या और हादसा दोनों ही पहलुओं पर गहनता से पड़ताल कर रही है।

## एक नजर में



### ट्रक लूटने का प्रयास नाकाम करने वाली बहादुरपुर पुलिस टीम सम्मानित

**नवभारत अशोकनगर।** जिला पुलिस को अपराधियों के खिलाफ एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। बहादुरपुर थाना पुलिस ने तत्परता और अदम्य साहस का परिचय देते हुए एक ट्रक लूट की वारदात को नाकाम कर दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने पूरी पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

दरअसल बीते 4 और 5 जुलाई की दरम्यानी रात करीब 1 बजे की है। विदिशा रोड पर स्थित कोयल घाटी के पास दो बदमाश एक ट्रक को लूटने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलते ही बहादुरपुर थाना पुलिस तुरंत एक्शन में आई और मौके पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को रंगे हाथों दबोच लिया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटी गई नकद राशि और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। इस प्रभावी और त्वरित कार्रवाई के लिए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने बहादुरपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नीलम सिंह यादव, सहायक उपनिरीक्षक हेमराज मीना, आरक्षक सानू गुर्जर, महेश कुमार और डायल 112 के चालक सत्यपाल राजपूत को सम्मानित किया।

### IJCC कंपनी में निवेश के नाम पर 1.5 करोड़ की बड़ी ठगी, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में भारी मुनाफे का लालच देकर करोड़ों रुपये हड़पने का एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। क्षेत्र के दर्जनों ठगे गए निवेशकों ने सोमवार को शाढ़ौरा थाने पहुंचकर एक लिखित आवेदन सौंपा। पीड़ितों ने मामले की निष्पक्ष जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, मूल रूप से ग्राम खजूरी निवासी और वर्तमान में शाढ़ौरा मेला ग्राउंड में रह रहा दीपक रघुवंशी इस पूरे खेल का मुख्य सूत्रधार है। आरोपी दीपक ने खुद को UCC (IJCC) कंपनी का एजेंट बताया था। उसने लोगों को झांसा दिया कि यह कंपनी कृषि मंत्रालय के अंतर्गत पंजीकृत है। निवेश करने पर हर दिन 50 रुपये से लेकर 1,000 रुपये तक के बंपर लाभ का दावा किया गया, जिसके जाल में फंसकर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने अपनी गाढ़ी कमाई कंपनी में लगा दी।

दो साल से चक्कर काट रहे पीड़ित, अब फोन भी बंद: शुरुआती दौर में कुछ निवेशकों को थोड़ा-बहुत भुगतान किया गया ताकि उनका भरोसा जीता जा सके। इसके बाद अचानक कंपनी का काम बंद हो गया और करीब 1.5 करोड़ रुपये की राशि अटक गई। पीड़ितों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से वे अपनी जमा पूंजी के लिए भटक रहे हैं। एजेंट दीपक लगातार जल्द भुगतान का झूठा आश्वासन देता रहा और अब उसने पीड़ितों का फोन उठाना भी बंद कर दिया है।

# युवा कांग्रेस ने पोस्टर जारी कर शुरू किया मेरा अशोकनगर- मेरी जिम्मेदारी अभियान

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नगर के समग्र विकास और बुनियादी जनसमस्याओं के स्थायी समाधान के लिए युवा कांग्रेस ने एक विशेष मुहिम की शुरुआत की है। पत्रकार वार्ता के दौरान युवा कांग्रेस नेता सचिन त्यागी ने मेरा अशोकनगर - मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत 9 सूत्रीय जनसंकल्पों वाला एक पोस्टर जारी किया। इस अभियान का मुख्य ध्येय जनभागीदारी सुनिश्चित कर शहर की समस्याओं को मजबूती से उठाना है।




जारी पोस्टर में शहर के विकास से जुड़े विषयों को प्रमुखता से शामिल किया गया है, जिनमें शहर की स्वच्छता, हर घर को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति,. बेहतर बिजली व्यवस्था और दुरुस्त स्ट्रीट लाइट, सुव्यवस्थित सड़क एवं सुगम यातायात, जिला चिकित्सालय में आधुनिक एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, प्राइवेट स्कूलों की ड्रेस और कोर्स की कीमतें एक समान तय करना, सफाई कर्मियों का उचित सम्मान, ठेला-पटरी व्यापारियों को व्यवस्थित करना व पेंशन संबंधी समस्याओं का निवारण करना शामिल है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, जिला कांग्रेस निर्वाचन प्रभारी अशोक शर्मा (बड़े भैया), नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार लोधी, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, नपा नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन आजाद, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**संवाद, संघर्ष और समाधान का संकल्प:** प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सचिन त्यागी ने कहा कि नगर के विकास के लिए अब केवल खोखले वादों की नहीं, बल्कि धरातल पर संवाद और संघर्ष की जरूरत है। उन्होंने कहा हमारी टीम हर वार्ड और मोहल्ले में जाकर रहवासियों से सीधा संवाद करेगी। जनता की आवाज को प्रशासन और सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा और समाधान होने तक हमारा संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। वहीं अभियान से जुड़ने के लिए 98118 67474 नंबर जारी किया गया है, जिस पर मिस्ड कॉल देकर लोग इसका हिस्सा बन सकते है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की सुनीं समस्याएं, आए 408 आवेदन

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 408 आवेदकों ने आवेदन दिए। कलेक्टर श्री मालवीय ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन और प्रशासन के प्रति नागरिकों के विश्वास का माध्यम है, इसलिए प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाए। जनसुनवाई में ग्राम पिपरी निवासी लीलाबाई अहिरवार द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने, ग्राम कालाबाग निवासी काबूलचंद्र द्वारा ट्राई साइकिल एवं प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने, ग्राम मन्हेटी निवासी सरदार यादव द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम म्यापुर निवासी वीरेंद्र अहिरवार द्वारा नाली के पानी का निकासी कराए जाने, ग्राम केनवारा निवासी मुन्नी बाई द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने, ग्राम कालाबाग निवासी जागृति सुमन द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने, ग्राम सरदारपुर निवासी सिरनाम सहरिया द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दिलाए जाने, ग्राम महिदपुर निवासी पूजा रघुवंशी द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने सहित अन्य आवेदन आए।

# शिक्षिका से अभद्रता करने वाले युवक ने जेल से आते ही शिक्षिका और बच्चों से मांगी माफी

**स्कूल में घुसकर शिक्षिका से की अभद्रता**

**पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के सहराई थाना क्षेत्र के देवर्चा गांव में एक सरकारी स्कूल में घुसकर उत्पात मचाने और शिक्षिका से बदसलूकी करने वाले आरोपी छोटू उर्फ सुमित यादव की सारी हेकड़ी पुलिस ने निकाल दी है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब जेल से वापस आते ही आरोपी का सारा भौकाल हवा हो गया है और वह उसी स्कूल में बच्चों के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता हुआ नजर आया।




वहीं पुलिस द्वारा गांव में उसका जुलूस भी निकाला गया।

दरअसल यह पूरी वारदात स्कूल में पदस्थ स्थाई शिक्षिका मीनू पनेरिया की नियुक्ति के बाद नियमानुसार आरोपी सुमित के चाचा (जो वहां अतिथि शिक्षक थे) को हटा दिया गया था। इसी बात की रंजिश में आरोपी ने स्कूल में घुसकर शिक्षिका से गाली-गलौज की और क्लासरूम की कुर्सी फेंककर तोड़ दी थी। शिक्षिका द्वारा वीडियो बनाने पर उसने स्कूटी भी क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया था। फिलहाल पुलिस की इस कड़ी कार्रवाई के बाद आरोपी सुमित यादव अब पूरी तरह सरेंडर नजर आ रहा है।

# गदूली की घटना से हिंदू समाज में आक्रोश

**कार्यवाहीं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

**बहादुरपुर की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गगदूली में एक रजक परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के विरोध में मंगलवार को सकल हिंदू समाज और रजक समाज के पदाधिकारियों व नागरिकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा को एक लिखित ज्ञापन सौंपा। पीड़ितों को न्याय दिलाने और दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।



सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि घटना 3 जुलाई की सुबह लगभग 8 बजे की है। जब ग्राम गदूली निवासी भूरी बाई उम्र 35 वर्ष अपने खेत की मेढ़ पर बकरियाँ चरा रही थीं। तभी पड़ोसी खेत मालिक हारून खान के भाई फिरोज खान ने वहां आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब भूरी बाई के पति शैतान सिंह रजक ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी फिरोज खान, हारून खान और मुन्ना खान ने लात-घूसों और धारदार हथियारों से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस बर्बर हमले में शैतान सिंह रजक का सीधे पैर में फ्रैक्चर पैर टूट गया हो गया। जब उन्हें बचाने के लिए उनकी 3 महीने की गर्भवती पत्नी भूरी बाई और बेटी शिवानी आगे आईं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी क्रूरता की हदें पार कर दीं। आरोप है कि फिरोज ने गर्भवती भूरी बाई के पेट पर जोरदार लात मार दी, जिससे उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहीं बीच-बचाव करने आई बेटी शिवानी के साथ भी मारपीट की गई, जिससे उसका दांत टूट गया। इसके अलावा, वृद्ध माता-पिता गोपीलाल और मुन्नी बाई को भी धक्का देकर गिरा दिया गया।

**बहादुरपुर पुलिस पर लापरवाही और झूठा क्रॉस केस दर्ज करने का आरोप**

पीड़ितों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि घटना के बाद बहादुरपुर थाना पुलिस ने 3 घंटे तक पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उल्टा आरोपियों के प्रभाव में आकर पुलिस ने पीड़ित परिवार की बेटी शिवानी पर ही एक झूठा मुकदमा क्रॉस केस दर्ज कर दिया। पुलिस के इस पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर सकल हिंदू समाज और रजक समाज में रोष व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सकल हिंदू समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा, रजक समाज के जिलाध्यक्ष बलवीर रजक, संभागीय युवा अध्यक्ष राकेश रजक राफुआ, अशोक रजक, राजेश रजक सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## धर्म-कर्म

### ग्राम बैधाई में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, गीता स्वाध्याय में गूंजा

# श्री कृष्ण का संदेश-कर्म पर ध्यान दें, फल की चिंता न करें

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करने के उद्देश्य से ग्राम बैधाई के श्री राधाकृष्ण मंदिर में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ और श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीण श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सुखेन्द्र यादव रहे। इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में लाखन सिंह यादव, पुजारी राकेश शर्मा, खलक सिंह यादव, धीरज सिंह यादव, अमर सिंह यादव, भगवत सिंह, रामवीर यादव, रामचरण यादव सहित जयपाल, धनपाल, सुल्तान सिंह, बटन सिंह, कल्याण सिंह, संग्राम सिंह और भाईसाहब यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



**हनुमान चालीसा से बढ़ता है आत्मविश्वास:** कार्यक्रम के दौरान गीताव्रती रामबली यादव ने हनुमान चालीसा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके नियमित पाठ से मनुष्य के भीतर बल, उत्साह और अपार आत्मविश्वास का संचार होता है। प्रभु कृपा प्राप्त होने के साथ ही यह पाठ व्यक्ति को इंद्रिय संयम और सदाचारपूर्ण जीवन जीने का मार्ग दिखाता है।

**कर्म प्रधान जीवन जीने की मिली सीख:** स्वाध्याय सत्र के अंतर्गत गीता के अध्याय 2 के श्लोक 26 से 50 तक का गहन अध्ययन और चिंतन किया गया। इस दौरान सुप्रसिद्ध श्लोक 47 (कर्मण्येवाधिकारस्ते) की विशेष व्याख्या की गई। मनुष्य का अधिकार केवल अपने कर्म करने पर है, उसके फल पर नहीं। इसलिए हर व्यक्ति को परिणाम की चिंता छोड़ अपनी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। यही निष्काम कर्म और सकारात्मक जीवन का असली आधार है।

# जरूरतमंदों को दी गई आर्थिक सहायता राशि

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष जिला स्तरीय जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा आर्थिक सहायता दिलाये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया।**

कलेक्टर द्वारा आवेदकों की समस्या को गंभीरता से लेकर जरूरमंद आवेदकों को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आर्थिक सहायता स्वीकृति किये जाने के निर्देश मौके पर दिये गये थे। आवेदकों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर आवेदक कोमल बाई अहिरवार द्वारा निवासी ग्राम रातीखेडा एवं आवेदक अजीत कुमार जैन सोनी कॉलोनी अशोकनगर को 05-05 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किये गये।

